तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 दिसंबर, 2025

10 राजकीय आईटीआई में मेगा जॉब फेयर में युवाओं की उमड़ी भीड़



10 विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस पर स्मार्ट ऊर्जा को लेकर मंथन







हांसी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हांसी में आयोजित विकास रैली में उपस्थित जन का अभिवादन करते हुए व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हांसी में आयोजित विकास रैली के दौरान विधायक विनोद भ्याना स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### 77.30 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

# मुख्यमंत्री ने हांसी को दी विकास परियोजनाओं की सौगात

11 वर्षों में हांसी विधानसभा में हुए 1008 करोड़ रुपये के विकास कार्य, कांग्रेस के 10 साल के शासन में हुए थे केवल 253 करोड़ रुपये के काम, विकसित हरियाणा कुर्सी के काटे विपक्षी नेताओं को रास नहीं आ रहा: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को हांसी विकास रैली को संबोधित करते हुए हांसी को प्रदेश का 23वां जिला बनाने की घोषणा की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने हांसी में 77 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत की 3 विकास परियोजना का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हांसी वीरों की भूमि तथा कभी हिंदुस्तान की दहलीज के रूप में विख्यात और देश के लिए मर-मिटने वाले देशभक्तों को जन्म देने वाली हांसी की पावन भूमि को वो नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि हांसी क्षेत्र के विकास में सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। भाजपा सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 11 सालों में हांसी विधानसभा क्षेत्र में 1 हजार 8 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए हैं। जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में केवल 253 करोड़ रुपये की लागत के ही काम हुए थे।

#### संकल्प पत्र के 54 वायदे पूरे किए

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 54 वादों को एक साल में ही डबल इंजन की सरकार ने पूरा कर दिखाया है। यही नहीं, 163 वादों पर काम प्रगति पर है। यह एक वर्ष का समय भले ही कम है, लेकिन सरकार ने जिस नॉन-स्टॉप विकास का संकल्प लिया था, उसकी सिद्धि में यह एक वर्ष विकास की तिगुणी गति का साक्षी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास और हर वर्ग के हितों की सुरक्षा के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं।



हांसी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हांसी में आयोजित विकास रैली के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मंचासीन। साथ में हैं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा और विधायक विनोद भ्याना व अन्य। फोटो: हरिभूमि

#### कांग्रेस छोड़ गई थी किसानों का 269 करोड़ का मुआवजा बकाया

मंच से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसान हित का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार किसानों की सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कर रही है। अब तक 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपये डाले जा चुके हैं। फसल खराब होने पर गत 11 सालों में किसानों को मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 15 हजार 448 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। जबकि कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासनकाल में 1 हजार 138 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जारी की गई थी। कांग्रेस सरकार किसानों की 269 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि बकाया छोड़कर चली गई थी, जिसे बीजेपी सरकार ने 2014 में जनसेवा का दायित्व संभालने के बाद 2015 में जारी किया था। इतना ही नहीं, बीजेपी सरकार ने अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आबियाने को जड़ से खत्म किया है।

#### कुर्सी के काटे विपक्षी नेताओं को रास नहीं आ रहा विकसित हरियाणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा हैं। जो कहा है, वो करेंगे। हमारी नीति, नीयत और नेतृत्व स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने भौतिक व मानव विकास के पैमानों पर हरियाणा को एक खुशहाल और विकसित राज्य बनाया है। लेकिन ऐसा विकसित हरियाणा कुर्सी के काटे विपक्षी नेताओं को रास नहीं आ रहा है और वे रोज-रोज नए-नए झूठ फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने की ताक में रहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को तलाशने के लिए वोट चोरी का भ्रामक प्रचार कर रही है। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस पार्टी खुद अपने पूरे राजनीतिक इतिहास में फर्जीवाड़े, भ्रष्टाचार और लोकतंत्र की हत्या की प्रतीक रही है।

#### विधायक गौतम बोले- मैं जातिवाद के खिलाफ

रैली में सफीदों से भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि मेरे खिलाफ पिछले कई दिनों से प्रचार किया जा रहा है। मगर, मैंने कभी किसी समाज का बुरा नहीं चाहा। बल्कि उनको देशभक्त कहा है। मैं हरियाणा में जातिवाद का जहर फैलाने वालों के खिलाफ हूं, समाज को बांटने वालों के खिलाफ हूं। उन्होंने कहा कि जब से देश में मोदी सरकार आई है, तब से खुद को हिंदुस्तानी करने पर गर्व महसूस होता है। विधायक ने कहा कि लोगों ने सोचा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आएगी और हुड्डा मुख्यमंत्री बनेगा मगर ऐसा नहीं हुआ।

#### मोदी दिलों की चोरी करते हैं जो वोटों में तब्दील होते हैं

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने 'हांसी की विकास' रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में राजनीतिक क्रांति हुई और प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष वोट चोरी की चर्चा कर रहा है। डा. पूनिया ने कहा कि भाजपा वोट चोरी नहीं करती, बल्कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी में वो ताकत है जो लोगों के दिलों की चोरी करते हैं जो वोटों में तब्दील होती है। डा. पूनिया ने हांसी को 23वां जिला बनाने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए किसी प्रदेश का अधिक सम्मान है तो हरियाणा प्रदेश का है। डा. पूनिया ने कहा कि हरियाणा का भविष्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में और ज्यादा मुखर होगा।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा, विधायक विनोद भयाना, हिसार विधायक सावित्री जिंदल, सफीदों विधायक रामकुमार गौतम, बवानीखेड़ा विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मंत्री अनूप धानक, जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, मेयर प्रवीण पोपली, हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, हिसार मार्केट कमेटी के चेयरमैन रविंद्र रॉकी, पूर्व सांसद डीपी वत्स, मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर अशोक छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।

#### प्रदेश सरकार कर रही तेजी से काम: रणबीर गंगवा

*रैली को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर क्षेत्र का तेजी से विकास कर रही है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई और उसका परिणाम है कि लगातार तीसरी बार बीजेपी की सरकार हरियाणा में बनी है।*

#### हांसी को जिला बनाकर दी बड़ी सौगात: भयाना

*हांसी विकास रैली के संयोजक व हांसी विधायक विनोद भ्याना ने मंच से मुख्यमंत्री के समक्ष हांसी के विकास कार्यों की कई मांगें रखीं, और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी को स्वीकार किया। विनोद भयाना ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश को विकास के मामले में गति दी है। उन्होंने हांसी को जिला बनाने की मांग स्वीकार किये जाने पर इसे बड़ी सौगात बताते हुए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया।*

#### 56 दिन की सरकार ने जीता भरोसा: मोहनलाल कौशिक

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने कहा कि हरियाणा में जब मुख्यमंत्री के तौर पर नायब सिंह सैनी ने पदभार संभाला था, तब मात्र अपने 56 दिन के कार्यकाल में ही उन्होंने जनता के दिल जीता था, उसी का परिणाम है कि प्रदेश की जनता ने भारी जनादेश के साथ नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की सेवा का मौका दिया।*



हिसार। बुद्धराम राड़ा के निधन पर शोक जताने पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## सीएम ने रामनिवास राड़ा के भाई के निधन पर शोक जताया

- बुद्धराम राड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी रामनिवास राड़ा सैनी के बड़े भाई बुद्धराम राड़ा का स्वर्गवास हो जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को उनकी रस्म पगड़ी पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। उन्होंने बुद्धराम राड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया। इसके अतिरिक्त विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निधन शोक जताया।

#### ये रहे मौजूद

राड़ा के भाई के निधन पर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिह गंगवा, हरियाणा भाजपा के प्रभारी सतीश पूनिया, भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, कांग्रेस सांसद जयप्रकाश, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, हांसी से विधायक विनोद भयाणा, रणधीर पनिहार, बलवान सिंह दौलतपुरिया, हरियाणा सूचना आयोग में आयुक्त कर्मवीर सैनी, मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व राज्यसभा सांसद डी.पी. वत्स, उपायुक्त महेंद्रपाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति सैनियान मोहल्ला स्थित उनके आवास पर पहुंचकर शोक जताया व बुद्धराम राड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मुख्यमंत्री सैनी ने हिसार में दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭चंडीगढ़

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को हिसार पहुंचकर अलग-अलग दो स्थानों पर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री सर्वप्रथम मोहल्ला सैनियान हिसार पहुंचे, जहां उन्होंने स्वर्गीय बुधराम राड़ा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त की तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री स्वर्गीय पृथ्वी सिंह सैनी के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने दिवंगत पृथ्वी सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवंगतों का सामाजिक जीवन प्रेरणादायी रहा है और उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक रणधीर पनिहार, मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

### खबर संक्षेप

#### वीर बाल दिवस पर हकृवि में सैंड एंड आर्ट शो आज

**हिसार।** वीर बाल दिवस पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर ऑडिटोरियम में बुधवार को सैंड एंड आर्ट शो का आयोजन किया जाएगा। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा आयोजित इस सैंड एंड आर्ट शो में गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की वीर गाथा को प्रदर्शित किया जाएगा। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि शो के दौरान उच्च कोटी के कलाकार रेत और चित्रकला के माध्यम से मंच पर चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के जीवन, संघर्ष, साहस और बलिदान को जीवंत रूप में दर्शाएंगे, ताकि युवा वर्ग ऐसे महापुरूषों के जीवने ने प्रेरणा पा सके।

#### नगर निगम की टीम ने शहर से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम लगातार अतिक्रमण हटाने कार्य कर रही है। जेई राजकुमार ने बताया कि मंगलवार को सब्जी मंडी चौक से लेकर सैनी स्कूल व सैनियान मोहल्ला तक अतिक्रमण को हटाने के साथ-साथ सामान भी जब्त किया गया। इसके अलावा टीम ने कैमरी रोड से अतिक्रमण हटाया। इसके साथ-साथ सिरसा चुंगी से बस स्टैंड व बस स्टैंड लेकर जिंदल चौक व दिल्ली रोड तक पुल तक अतिक्रमण को हटाया गया। इसके अलावा तोशाम रोड पर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान तहबाजारी टीम के साथ इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

#### गुजवि–मिशिगन विवि के बीच वार्ता

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयवैश्विक स्तर पर अपनी पहचान को और अधिक मजबूत करने के लगातार कदम उठा रहा है। विश्वविद्यालय ने इस संबंध में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए के साथ ऑनलाइन बैठक की है। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। बैठक में गुजवि के अंतरराष्ट्रीय मामलों के अधिष्ठाता प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने मिशिगन विश्वविद्यालय व गुजवि के अधिकारियों स्वागत किया व विश्वविद्यालय की ओर से प्रस्तुति दी।

#### 27 बेसहारा पशुओं को भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि निगम की टीम ने मंगलवार को दिल्ली रोड, बरवाला चुंगी, पड़ाव चौक, सुन्दर नगर, अमरदीप कॉलोनी, कैमेरी रोड क्षेत्र से 27 बेसहारा पशुओं को पकड़ाकर गो-अभ्यारण भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ एएसआई संदीप कुमार सहित पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

## वन मित्रों ने पूर्व वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

- पिछले काफी समय से सरकार उनकी मांगों को अनदेखी कर रही है

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

क्षेत्र के वन मित्रों ने प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उनको आश्वासन दिया कि उनके मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से बातचीत की जाएगी। वन मित्र संदीप कुमार, सुमित खांडा, श्याम सुंदर, सोनू उगालन, शीतल, सोमबीर आदि ने बताया कि पिछले काफी समय से सरकार उनकी मांगों को अनदेखी कर रही है। हमारी सरकार से मांग हैं कि हमें स्थाई रोजगार, पहचान पत्र और निश्चित वेतन देने की घोषणा करे। वर्ष 2024 से वन विभाग में वन मित्र योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवार के युवाओं का चयन किया गया था। इन वन मित्रों को गांव के आसपास पौधारोपण करने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।



नारनौंद। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को ज्ञापन सौंपते हुए वन मित्र।

#### 627 वन मित्र ही अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे

इस योजना में हजारों की संख्या में युवा जुड़े थे लेकिन सरकार की तरफ से वेतन में मिलने के कारण सभी पीछे हट गए। अब केवल 627 वन मित्र ही अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। सरकार हमारी मांग को जल्द से जल्द पूरी करे ताकि सभी वन मित्र अपना काम अच्छे तरीके से करके पेड़ो को बचाने का काम करें।

**कार्यक्रम** कैप्टन अभिमन्यु के जन्मदिन पर लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

## कैप्टन अभिमन्यु विकास पुरुष, मौजूदा विधायक ने हलके को पीछे धकेला: लोहान

मौजूदा विधायक भाजपा नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर खुद को सुर्खियों में ला रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने हलके में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाकर इतिहास रचने का काम किया था। मौजूदा विधायक जस्सी पेटवाड़ ने हलके को पीछे धकेलने का काम किया है। यह बात मार्केट कमेटी चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान व चेयरमैन शमशेर मोर ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि हलके के सभी लोगों का मानना है कि कैप्टन अभिमन्यु ने जितने भी विकास कार्य करवाए वो आज तक कोई नहीं करवा सका। मौजूदा विधायक भाजपा नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर अपने आप को सुर्खियों में रखने का काम कर रहा हैं। उन्होंने चुनाव में लोगों के साथ धोखा करने का काम किया है। वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा पर आरोप लगाता है जबकि चुनाव में खुद ही वोटरों से चार चार वोट डालने की बात करता था। उनके पास विकास का कोई विजन नहीं है। सिर्फ बातों में ही जनता को उलझाकर उनको धोखा दे रहा हैं।



नारनौंद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मार्केट कमेटी के चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान व अन्य। फोटो: हरिभूमि

#### कैप्टन अभिमन्यु का बास में अभिनंदन कल

**नारनौंद।** प्रदेश पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का अभिनंदन समारोह 18 दिसंबर को गांव बास में किया जाएगा। इस अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिवर भी लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मार्केट कमेटी चेयरमैन शमशेर मोर ने बताया कि पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने की दिशा-निर्देशों अनुसार मार्केट कमेटी चेयरमैन और वाइस चेयरमैन की नियुक्ति पिछले दिनों की गई थी। इसी को लेकर उनका गांव बास में अभिनंदन समारोह किया जाएगा उसी दिन कैप्टन अभिमन्यु का जन्मदिन भी है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं को न्यौता दिया जा रहा है। कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचकर उनका स्वागत करने का काम करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सैनी न्याय संघर्ष समिति का चुनाव एक जनवरी को

**हिसार।** सैनी न्याय संघर्ष समिति का चुनाव 1 जनवरी 2026 को होगा। समिति के प्रधान गौरव सैनी जमालपुरिया ने कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। यह जानकारी देते हुए समिति के प्रधान महासचिव रोबिन सैनी चौहान ने बताया कि सैनी न्याय संघर्ष समिति वर्ष 2020 से सैनी सभा ट्रस्ट में 18 वर्ष की आयु सीमा पार कर चुके युवाओं के वोट का अधिकार दिलवाने के लिए कार्य कर रही है।

### मानव कल्याण ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को बांटी स्वेटरें

**आदमपुर।** मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा जन सहयोग से लाइनपार जवाहर नगर सरकारी स्कूल व आंगनबाड़ी के 201 बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटरें उपलब्ध करवाई गई। ट्रस्ट के सचिव मोतीलाल गोयल ने बताया कि यह स्वेटर्स व्यापार मंडल सचिव कमल बंसल, सह सचिव अजीत जाखर, उप प्रधान संदीप गोयल, समाजसेवी नरेंद्र जैन, जगदीश भादू व ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से वितरित की गई।

### चौधरीवास के राहुल गोदारा ने जीता स्वर्ण

**हिसार।** निकटवर्ती गांव चौधरीवास निवासी राहुल गोदारा ने पटना में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज गेम में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए पोल वोल्ट गेम में स्वर्ण पदक जीतकर अपने माता-पिता गांव चौधरी वास, जिला का वह पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। वह हाल ही में सिंचाई विभाग हरियाणा में बेलदार के पद पर कार्यरत हैं।

### हरियाणा दवा प्रतिनिधि संगठन इकाई की बैठक

**हिसार।** हरियाणा दवा प्रतिनिधि संगठन इकाई की आमसभा की बैठक प्रधान राजबीर डूडी की अध्यक्षता में हुई। इसमें इकाई के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि संगठन की वार्षिक आम सभा 20 दिसम्बर को शाम 5 बजे एक होटल में की जाएगी। इस मौके पर नई कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। इस बैठक में दीपक सिंह, सुरेन्द्र मावलिया, रोहतास शर्मा, प्रमोद धत्तरवाल, परमवीर रोहिला, राजेश, नवदीप गांधी, अमन, विकास, सुधीश आदि मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री कमल गुप्ता ने समस्याओं का समाधान

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर संवाद कर अनेक शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया। जनसुनवाई में बिजली, पानी, नगर निगम, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं लेकर बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे, जिनका त्वरित निपटारा किया गया।

### भाविप ने किया 150 तुलसी पौध का वितरण

**हांसी।** भारत विकास परिषद शाखा हांसी ने शहीद भगत सिंह स्कूल हांसी में तुलसी वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के क्षेत्रीय सेवा सचिव कमलेश गर्ग ने की। उन्होंने बताया कि तुलसी का प्रतिदिन सेवन करने से इम्युनिटी पावर बढ़ती है और कफ, सर्दी, बुखार में राहत मिलती है। परिषद के शाखा अध्यक्ष दयानंद महता ने बताया कि इस अवसर पर 150 तुलसी के पौधे वितरित किए गए।

### 100 ग्राम अफीम सप्लाई करने वाला सप्लायर काबू

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने 100 ग्राम अफीम के असल सप्लायर जींद जिले के पीपलथा निवासी जितेंद्र को गिरफ्तार किया है। एएसआई अनिल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले जिला फतेहाबाद के गांव कंहेड़ी निवासी अमन उर्फ अनिल को 100 ग्राम अफीम सप्लाई की थी। आरोपी के खिलाफ थाना सदर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था।

---

### 800 से 1000 आईटीआई पास युवाओं का हुआ साक्षात्कार

# राजकीय आईटीआई में मेगा जॉब फेयर में युवाओं की उमड़ी भीड़

**सरकार का प्रदेश में सौर उर्जा को बढ़ावा देने के लक्ष्य को पूरा करना विभाग का उद्देश्य : संजीव शर्मा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। जॉब फेयर का अवलोकन करते कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग पंचकूला के अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा। फोटो : हरिभूमि

आईटीआई पासआउट युवाओं के लिए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के तत्वाधान मे राजकीय आईटीआई में मेगा जॉब फेयर का अयोजन किया गया। मेगा जॉब फेयर मे हर क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों ने आईटीआई पासआउट युवाओं का साक्षात्कार किया और उन्हें यथा सम्भव रोजगार उपलब्ध भी करवाया गया। कुछ कम्पनियों ने मौके पर नियुक्ति-पत्र भी वितरित किए।

मेगा जॉब फेयर में हिरो मोटो कोर्प, मोनिट्रिक्स, जिन्दल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लि., महेन्द्रा एंड महेन्द्रा, स्वराज इंजन, ऑटोलिव इंडस्ट्रीज, भारत मैटल, जेबीएम. ऑटो, जिन्दल स्टेनलैस, पाठक इलैक्ट्रोनिक, डीसीएम टैक्सटाइल, हौलेंड ट्रैक्टर, जिन्दल पॉलिबटनस, गणेश गोपाल, हिसार स्पिनिंग मिल्स सहित 50-58 कम्पनियों ने भाग लिया। मेले में लगभग 1400-1500 आईटीआई पासआउट युवाओं ने भाग लिया। यथासंभ्व लगभग 800 से 1000 के करीब आईटीआई पासआउट युवाओं को जॉब ऑफर लैटर प्रदान कर दिए जाएंगे। कुछ कम्पनियों ने जॉब आर्फर लैटर मौके पर भी वितरित किए। इस दौरान हिसार जिले की सभी राजकीय आईटीआई के अनुदेशक, वर्गअनुदेशक, कर्मचारी व अधिकारी जॉब फेयर मे उपस्थित रहे। मेगा जॉब फेयर की शुरुआत कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग पंचकूला के अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा ने की। इस मौके पर अतिरिक्त निदेशक शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि हरियाणा मे सौर उर्जा के क्षेत्र को बढ़ावा देने जिसमें सौर उर्जा से सम्बन्धित कम्पनियों को कुशल कारीगर मिल सके। संजीव शर्मा ने बताया कि जिन आईटीआई पासआउट युवाओं को रोजगार मिलता है वह वेतन की तरफ ध्यान न देकर वे अपनी पॉकेट मनी मानकर चलें और अपने कैरियर का सुदृढ व कुशल बनाने का ध्यान दें।

**यह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर राजकीय आईटीआई हिसार की प्रधानाचार्या प्रेमकिरण, राजकीय आईटीआई, नलवा से सुनील सचदेवा, राजकीय आई.टी.आई, राखीगढ़ी से रमेश तथा आदमपुर राजकीय आईटीआई से रामस्वरूप तथा मेगा जॉब फेयर के नोडल इंचार्ज नीरज लिखा व जॉब फेयर की इंचार्ज रितु अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

---

# सर्वोदय अस्पताल ने लाडवा में लगाया फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर

- 350 से अधिक मरीजों की जांच की, जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते सर्वोदय अस्पताल की टीम।

सर्वोदय मल्टी स्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल की ओर से मंगलवार को गांव लाडवा में एक भव्य निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में गांव के 350 से अधिक मरीजों की विभिन्न बीमारियों की जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से गांव के प्रमुख खेल कच्ची वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 25 से अधिक गांवों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**90 से अधिक शहीद परिवारों के सदस्य हुए सम्मानित**

इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम के तहत 90 से अधिक शहीद परिवारों के सदस्यों को सम्मानित किया गया, जिससे गांव में गर्व और सम्मान का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा भी उपस्थित रहे। उन्होंने सर्वोदय अस्पताल द्वारा किए गए आयोजन की सराहना की।

---

# देश में अराजकता का माहौल बनाना चाह रही कांग्रेस

- कांग्रेसियों की प्रधानमंत्री के प्रति की गई टिप्पणी निंदनीय, तुरंत माफी मांगे कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। लोक निर्माण विश्राम गृह में प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया का स्वागत करते पदाधिकारी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी विपक्ष की सकारात्मक भूमिका को भूलकर देश में अराजकता, जातिवाद व अफरा-तफरी का माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोगों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति की गई टिप्पणी निंदनीय है और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

डॉ. सतीश पूनिया हांसी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली में जाते समय हिसार के लोक निर्माण विश्राम गृह में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनूप धानक, जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, चेयरमैन रविंदर रॉकी, धर्मवीर पानू, पिंकी शर्मा, सुधीर पांचाल, शंकर गोस्वामी व सतीश कुमार सहित अनेक पदाधिकारियों ने प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया।

---

# गुजवि की दो छात्राओं का एल्ड्रोक में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



प्रेरणा



स्वेता

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एमबीए कार्यक्रम के दो विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान एल्ड्रोक प्राइवेट लिमिटेड में प्लेसमेंट हासिल किया है।

चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि कुल 24 एमबीए छात्रों ने संरचित चयन प्रक्रिया में भाग लिया, जिसमें प्री-प्लेसमेंट टॉक, ऑनलाइन मूल्यांकन और व्यक्तिगत वर्चुअल इंटरव्यू शामिल थे। सहायक निदेशक (प्लेसमेंट) डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि एमबीए (मार्केटिंग) की स्वेता और प्रेरणा का चयन 5 एलपीए के सीटीसी के साथ हुआ है। मोहित कुमार (एमबीए-फाइनेंस) ने इस ड्राइव का समन्वय किया।

---

# समाजसेवा की प्रतिमूर्ति थे बीके भारती

- दिवंगत बी.के. भारती के जन्म दिन को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। स्व. बीकेभारती को श्रद्धांजलि अर्पित करते नलवा के विधायक रणधीर पनिहार।

दास संस्था द्वारा संचालित भारती सेवा सदन धर्मशाला, बारह क्वार्टर रोड हरि नगर में संस्था के संस्थापक व सेवानिवृत प्रिंसीपल स्व. बी.के.भारती का जन्म दिवस प्रेरणा दिवस के रुप में मनाया गया।

संस्था के प्रधान जितेन्द्र कुमार भारती ने बताया कि समारोह में नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने मुख्यातथि के रुप में भाग लिया। विशिष्ट अतिथि नगर निगम के पूर्व महापौर गौतम सरदाना रहे। इससे पूर्व सत्संग-कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें परमहंस श्रीयोग त्रिवेणी, 12 क्वार्टर से साध्वी निजआत्म योगानंद ने प्रवचन दिए। मंच संचालन कमल हांडा ने किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि समाजसेवी स्व. बी.के.भारती समाजसेवा की प्रतिमूर्ति थे। अन्य वक्ताओं ने भी स्व. बीके भारती के जीवन पर प्रकाश डाला।

समारोह में नगर पार्षद राजेश अरोड़ा, ज्योति वर्मा, पूर्व पार्षद मनोहर लाल नांगरू, पंकज दीवान, समाजसेवी मेहरचंद मनचंदा, डॉ. विरेन्द्र भारती, सुरेंद्र बजाज, भीम मक्कड़, ओमप्रकाश असीजा, डॉक्टर हेमंत आहुजा, सुरेश कक्कड़ अमरनाथ बत्रा, टीनू आहूजा, भीम नारंग, रमेश चुघ, बंसीलाल पठनेजा, लोकेश असीजा, सतीश भाटिया, प्रवीण गोगिया, संजय गाबा सहित सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया।

---



हिसार। मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन देते अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा 15 दिवसीय ग्राहक जागरण पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को हरियाणा प्रान्त की ओर से इंडिगो एयरलाइंस की हजारों उड़ानें रद्द होने से यात्रियों का आर्थिक शोषण, मानसिक तनाव व गंभीर स्थिति उत्पन्न होने के विषय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ग्राहक पंचायत के उत्तरक्षेत्र के संगठन मंत्री नवीन जैन, जिलाध्यक्ष सुमित सैनी व अन्य कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अभी हाल ही में हुई इंदौर में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इंडिगो उड़ानों के विषय पर पारित एक प्रस्ताव की भी प्रतिलिपि दी गई। ग्राहक अधिकार और सुरक्षा के लिए शीघ्र ही कठोर कानून बनाये जिसमें ऐसी स्थिति निर्मित होने पर एयरलाइंस और प्राधिकरण पर कानूनी कार्रवाई और यात्रियों के नागरिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

---

# मेले में अंतिम दिन स्वदेशी उत्पाद खरीदने पहुंचे हजारों लोग

- समरसता महायज्ञ करके मेले के अंतिम दिन की शुरुआत, जनकल्याण की कामना की
- स्वदेशी की अलख जगाने के लिए हरियाणा के हर जिले में लगेंगे स्वदेशी मेले : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले के अंतिम दिन शहरवासियों ने जमकर खरीदारी की। लोगों ने स्वदेशी उत्पादों की स्टॉल पर पहुंचकर अवलोकन किया और विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही झूलों का भी भरपूर आनंद उठाया। कुटीर उद्योगों में निर्मित मसाले, बिस्कुट, अचार, शहद, इत्र, खाद्य तेल, सौंदर्य प्रसाधन, आयुर्वेद उत्पाद व पंचगव्य निर्मित उत्पाद विशेष रूप से पसंद किए गए। इनके साथ ही पूजा-पाठ सामग्री, खादी कपड़े, ड्राई फ्रूट, रोजमर्रा की वस्तुएं, प्राकृतिक चिकित्सा पुस्तकें, मिट्टी के बर्तन व चूल्हे, गहने, बोध पुस्तकें, गलीचे व पायदान के स्टॉल भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान मेले में स्वदेशी मिठाइयों की भी धूम रही। स्कूल बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वदेशी मेले के पांचवें दिन की शुरुआत समरसता महायज्ञ के साथ की गई। इस दौरान जनकल्याण की कामना करते हुए स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया गया।

### डॉ. संजय मुंजाल पुनः चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

**हिसार।** अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सूर्यवंशी डॉ. संजय मुंजाल को लगातार दूसरी बार इसी पद पर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा ने संस्थापक सूर्यवंशी कमल हांडा, राष्ट्रीय महासचिव सूर्यवंशी ज्योति कमल हांडा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूर्यवंशी परमजीत कोचर तथा प्रदेशाध्यक्ष सूर्यवंशी औमप्रकाश चुघ से विचार-विमर्श के पश्चात हिसार निवासी सूर्यवंशी डॉ. संजय मुंजाल को उनकी संगठन के प्रति लग्न, मेहनत, समर्पण एवं कर्मठता को देखते हुए लगातार दूसरी बार हरियाणा चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष बनाया है।

---

# दिल का दौरा पड़ने से सैनिक का हुआ निधन, गांव में फैला सन्नाटा

- राजकीय सम्मान के साथ कर्मवीर सिंह का किया गया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



कर्मवीर सिंह

गांव थुराना निवासी सेना में हवलदार कर्मवीर सिंह का दिल का दौरा पड़ने से देहांत हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे गांव में सन्नाटा फैल गया। गांव में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवानों की तरफ से उनकी गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके बेटे तनुज ने उनको मुखाग्नि दी।

गांव थुराना निवासी कर्मवीर सिंह पान्नू वर्ष 2004 में सेना में भर्ती हुए थे। वो सेना की महार रेजिमेंट की सातवीं बटालियन में तैनात थे। फिलहाल उनकी पोस्टिंग जम्मू में सुजवान में थी। सोमवार की सुबह जब वो ड्यूटी कर रहे थे तो अचानक उनका दिल का दौरा पड़ा ओर उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शौक की लहर दौड़ गई। उनके पार्थिव शरीर को गांव में लाया गया। गांव के लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए और उनको श्रद्धांजलि दी। प्रशासन की तरफ से एसडीएम विकास यादव भी उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनकी यात्रा निकाली उस समय ग्रामीण फूलों की वर्षा करते हुए उनको श्रद्धांजलि दे रहे थे। पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके 12 वर्षीय बेटे तनुज ने उनका मुखाग्नि दी तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। हर किसी की आंखों में आंसू थे।

### सेक्टर 13पी में आधार सेवा केंद्र की स्थापना

**हिसार।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा, यूआईडीएआई मुख्यालय, नई दिल्ली के नामांकन एवं अद्यतन (ईएंडयू) प्रभाग द्वारा हिसार में नए आधार सेवा केंद्र (एएसके) की स्थापना की गई है। इस आधार केंद्र की स्थापना सेक्टर 13 पी में एससीओ 43, नजदीक डाबड़ा चौक पुल में की गई है। इस केंद्र में आधार एनरोलमेंट से लेकर अपग्रडेशन जैसे सभी कार्य किए जाएंगे। यूआईडीएआई निदेशक कर्नल एचएस कपूर ने केंद्र का उद्घाटन किया। यह सहयोगात्मक प्रयास नागरिक-केंद्रित सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा क्षेत्र में सुलभ एवं निवासी उन्मुख आधार सुविधाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

---

### विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. गोयल ने छात्रों के प्रयास को सराहा

# विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस पर स्मार्ट ऊर्जा को लेकर मंथन

**छात्रों को हरित ऊर्जा और संबद्ध क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। मॉडल्स का अवलोकन करते मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डॉ. एनपी कौशिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल ऑफ एप्लाइड साइंसेज, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, और स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय एक सतत भविष्य के लिए स्मार्ट ऊर्जा रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने संदेश में छात्रों के प्रयास की सराहना की और ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर जोर दिया, साथ ही उन्हें हरित ऊर्जा और संबद्ध क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

**ऊर्जा नवाचार कार्यक्रम में छात्रों का सम्मान**

*कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डॉ. एनपी कौशिक, प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर, व रजिस्ट्रार डॉ सत्यवीर सिंह उपस्थित हुए और छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कि हमारे छात्र ऊर्जा दक्षता और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों में गहन अनुसंधान कौशल विकसित कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पाठ्यक्रम विकास डीन डॉ. महेंद्र पूनिया, छात्र कल्याण डीन डॉ. राकेश धीमान और स्कूल ऑफ एप्लाइड साइंसेज की डीन डॉ. रेणु शर्मा ने जज की भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और नवाचार, व्यवहार्यता, और सतत ऊर्जा के लिए प्रासंगिकता के आधार पर मॉडलों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संगीता जैन एवं डॉ बसंती ने किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया।*

---

## न्यूज डायरी

### ज्वलंत मांगों पर विधायकों को सौंपे ज्ञापन

**आदमपुर।** हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चे के आह्वान पर किसानों व मजदूरों की विभिन्न ज्वलंत मांगों पर विधायकों को ज्ञापन सौंपे गए ताकि आने वाले विधानसभा सत्र में विधायक किसानों व मजदूरों की इन मांगों को विधानसभा में उठाए। इसी कड़ी में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा के आदमपुर ब्लॉक के प्रधान कुलदीप हिंदुस्तानी सदलपुर के नेतृत्व में विधायक चंद्र प्रकाश के नाम उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।

### रसोई में हुए धमाके से महिला झुलसी, मौत

**नारनौंद।** गांव खेड़ी जालब में एक महिला सुबह चाय बनाने के लिए रसोई में गई तो जैसे ही उसने लाइटर जलाया तो एकदम से धमाका हुआ और महिला झुलसकर दूर जाकर गिरी। गंभीर रूप से घर महिला को इलाज के लिए हिसार के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर उसने दम तोड़ दिया। महिला के पति राममेहर ने बताया कि 12 दिसंबर की सुबह उसकी पत्नी 55 वर्षीय राजबाला चाय बनाने के लिए रसोई गई जब उसने वहां पर रखा लाइटर जलाया तो एकदम से बड़ा धमाका हुआ धमाके के कारण वह झुलसकर दूर जा गिरी।

### सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के परिजन मिलेगी नौकरी

**हिसार।** हरियाणा सरकार ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों के सदस्य को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। ऐसे पात्र आवेदकों को उनकी शैक्षणिक व अन्य योग्यताओं के आधार पर हरियाणा कौशल निगम में लेवल वन, लेवल 2 और लेवल 3 के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार नौकरी दी जाएगी। आवेदकों को नौकरी की सुरक्षा दी जाएगी।